# मुख्यमंत्री ने चम्पावत में 'स्मार्ट स्कूल-स्मार्ट ब्लॉक' कार्यक्रम का किया शुभारंभ

**चम्पावत/एक्शन इंडिया**
मुख्यमंत्री आज चम्पावत पहुंचे। उन्होंने यहां गोरल चौड़ मैदान के समीप स्थित आडिटोरियम में ह्यसंपर्क फाउंडेशनह्न के कार्यक्रम में प्रतिभाग किया और ह्यस्मार्ट स्कूल-स्मार्ट ब्लॉकह्न कार्यक्रम का शुभारंभ किया।
इस मौके पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि आज चम्पावत में संपर्क फाउंडेशन के स्थापित ह्यस्मार्ट स्कूल-स्मार्ट ब्लॉकह्न कार्यक्रम शिक्षा के क्षेत्र के नए आयाम को हासिल करेगा। उन्होंने कहा कि वे आज अभिभूत हैं कि इस कार्यक्रम के शुरू होने से



चम्पावत विकास के क्षेत्र में एक कदम और आगे बढ़ गया है। इस कार्यक्रम के प्रथम चरण में 137 स्कूल चिन्हित किए गए हैं, जिनमें बच्चे खेल-खेल में ज्ञान को हासिल कर पाएंगे।
इस कार्यक्रम का उद्देश्य नवाचार के माध्यम से छात्रों की बौद्धिक क्षमता का विकास करना है।
उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कहते हैं कि विज्ञान और टेक्नोलॉजी का इस्तेमाल कर हम कम ऊर्जा के साथ अधिक काम कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि मैं प्रधानमंत्री मोदी का आभार व्यक्त करता हूं कि उनके नेतृत्व में भारत को जी-20 की अध्यक्षता मिली। पहले बड़े कार्यक्रम कुछ ही जगह पर होते थे, लेकिन आज वो कार्यक्रम छोटे-छोटे स्थानों पर भी हो रहे हैं। उत्तराखंड राज्य को भी तीन बैठकों की मेजबानी मिली है। इससे पहले चम्पावत पहुंचने पर हेलीपेड में भाजपा के तमाम कार्यकताओं व प्रशासनिक अधिकारियों ने मुख्यमंत्री धामी का स्वागत किया।

## मानसखंड झांकी को किशोर ने दिखाई हरी झंडी

**नई टिहरी**
गणतंत्र दिवस पर प्रथम स्थान पाने वाली उत्तराखण्ड राज्य की झांकी मानसखण्ड को टिहरी विधायक किशोर उपाध्याय ने जनपद के विभिन्न क्षेत्रों में प्रदर्शन के लिए हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। जिला मुख्यालय पर लोगों ने पूरे उत्साह से झांकी के दीदार किये। इस मौके पर मानसखंड झांकी को विधायक किशोर ने उत्तराखंड के गौरव की झलक बताया।
जिला मुख्यालय पहुंची मानसखंड झांकी को हनुमान चौक से विधायक किशोर ने हरी झण्डी दिखाने के बाद कहा कि आगामी 13 मई तक झांकी का प्रदर्शन जनपद के मुख्य स्थलों पर किया जायेगा। ताकि लोग उत्तराखंड के गौरव के प्रतीक मानसखंड झांकी के दर्शन कर सकें। जिला मुख्यायल पर भी लोगों ने झांकी को देखने के लिए उत्साह दिखाया है, जो एक अच्छा संदेश है।

# पिथौरागढ़ में 3.5 की तीव्रता का भूकंप

**नेशनल सेंटर फॉर सिस्मोलॉजी के अनुसार रिक्टर स्केल पर भूकंप की तीव्रता 3.5 मापी गई**




**पिथौरागढ़/एक्शन इंडिया**
उत्तराखंड के सीमांत जनपद पिथौरागढ़ में गुरुवार सुबह भूकंप के हल्के झटके महसूस किए गए। हालांकि इससे किसी प्रकार के जन-धन की क्षति की कोई सूचना नहीं है।
नेशनल सेंटर फॉर सिस्मोलॉजी के अनुसार रिक्टर स्केल पर भूकंप की तीव्रता 3.5 मापी गई। भूकंप सुबह 5 बजकर 1 मिनट पर आया, जिसकी जमीन में गहराई 10 किलोमीटर बताई गई है। भूकंप की सूचना प्राप्त होने के उपरांत जिला आपातकालीन परिचालन केंद्र पिथौरागढ़ द्वारा जनपद के समस्त तहसीलों से दूरभाष के माध्यम से एवं जनपद पुलिस नियंत्रण कक्ष पिथौरागढ़ द्वारा जनपद के समस्त थाना चौकियों से वायरलेस सेट के माध्यम से भूकंप के झटके महसूस होने की सूचना प्राप्त की गई। जनपद पिथौरागढ़ अंतर्गत तहसील एवं थाना डीडीहाट, थल, नाचनी,बलुवाकोट,धारचूला एवं बंगापानी में भूकंप के हल्के झटके महसूस किए गए तथा समाचार लिखे जाने तक किसी भी प्रकार की कोई क्षति की सूचना प्राप्त नहीं हुई है।

## तमंचे के साथ सोशल मीडिया पर फोटो वायरल, युवक गिरफ्तार

**हरिद्वार/एक्शन इंडिया**
आजकल सोशल मीडिया पर जल्द फेमस होने और लाइक के चक्कर में युवक गैर कानूनी हरकतों से भी बाज नहीं आ रहे। ऐसा ही एक मामला लक्सर कोतवाली क्षेत्र में सामने आया। जहां एक युवक को अवैध तमंचे के साथ फोटो वायरल करने के आरोप में पुलिस ने दबोचा। अवैध तमंचा व कारतूस बरामद कर पुलिस ने आरोपी का चालान कर दिया है।
लक्सर थाना क्षेत्र ग्राम रणजीतपुर में एक युवक मिथुन ने अवैध तमंचे के साथ अपनी फोटो सोशल मीडिया पर अपलोड कर वायरल कर दी।

# पोखरी के मज्याडी गांव पहुंच एसडीएम ने सुनीं ग्रामीणों की समस्याएं

**ग्रामीणों ने तमाम समस्याएं रखी जिस पर एसडीएम ने अधिकारियों को समस्या के निराकरण के निर्देश दिए**

**गोपेश्वर/एक्शन इंडिया**
उप जिलाधिकारी पोखरी ने गुरुवार को पोखरी के मज्याडी गांव पहुंचकर लोगों की समस्या सुनी। ग्रामीणों ने उपजिलाधिकारी के सामने क्षेत्र की तमाम समस्याएं रखी जिस पर एसडीएम ने अधिकारियों को समस्या के निराकरण के निर्देश दिए।
ग्रामीणों ने मज्याणी से चैण्डी में सड़क की मांग, पेयजल, शिक्षा, आंगनबाड़ी, विद्युत, स्वास्थ्य संबंधी शिकायत रखीं।



उपजिलाधिकारी संतोष कुमार पांडे ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि आम जनता की शिकायतों और समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर त्वरित समाधान करना सुनिश्चित करें। आमजन की शिकायतों और समस्याओं के निराकरण में देरी और लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।
अधिकारी सरकार की योजनाओं का लाभ आमजन तक प्रभावी ढंग से पहुंचाने में अपनी सक्रिय भागीदारी निभाएं।
ताकि सरकार की योजनाओं का लाभ ले सकें। उन्होंने सभी विभागों को निर्देश दिए कि आमजन की समस्याओं का निराकरण प्राथमिकता के आधार पर सुनिश्चित किया जाए।
इस अवसर पर सहायक खंड विकास अधिकारी राजेंद्र बिष्ट, ग्राम प्रधान मज्याडी राकेश सिंह, धीरेंद्र भंडारी, मनमोहन राणा, रौता के ग्राम प्रधान बीरेंद्र राणा, रमेश चैधरी, मनोज पुंडीर, थानाध्यक्ष राजेश सिंह आदि मौजूद थे।

## संक्षिप्त खबरें

### लैंड जिहाद के खिलाफ कार्रवाई प्रशंसनीय, सत्यापन अभियान भी चलाए सरकार : आनन्द स्वरूप

**हरिद्वार/एक्शन इंडिया**
शाम्भवी पीठाधीश्वर स्वामी आनन्द स्वरूप ने उत्तराखंड में लैंड जिहाद के खिलाफ सरकार द्वारा चलाए जा रहे अभियान को सराहनीय कदम बताते हुए इसकी प्रशंसा की है। उन्होंने कहा कि इस मामले को पूर्व में लेकर वह अपनी बात को बुलंदी से उठा चुके हैं। सरकार द्वारा देर से ही सही इस पर कार्रवाई करना प्रशंसनीय है।
उन्होंने कहा किपूर्व में उन्होंने देवभूमि उत्तराखंड में सत्यापन अभियान चलाए जाने की मांग उठाई थी। इस पर सरकार ने कार्रवाई की भी, किन्तु उस अभियान को सरकार ने बीच में ही रोक दिया गया। उन्होंने कहा कि देवभूमि में सत्यापन अभियान चलाया जाना आवश्यक है। यहां आज भी अपनी पहचान छिपाकर सैकड़ों की संख्या में गैर हिन्दू निवास कर रहे हैं, जो देवभूमि के लिए खतरा है।
स्वामी आनन्द स्वरूप ने पुनः सत्यापन अभियान चलाकर पहचान छिपाकर यहां रहने वालों के खिलाफ कार्रवाई किए जाने की सरकार से मांग की। उन्होंने देवभूमि में गैर हिन्दुओं की बढ़ती आबादी पर भी चिंता व्यक्त की।

### बूंद-बूंद पानी को तरसते कौडिया के अनुसूचित जाति के परिवार

**गोपेश्वर/एक्शन इंडिया**
बदरीनाथ हाइवे पर पीपलकोटी नगर पंचायत क्षेत्र का कौडिया वार्ड में निवास करने वाले अनुसूचित जाति के परिवारों को पानी की एक-एक बूंद के लिए तरसना पड़ रहा है। हर घर जल योजना का भी इन परिवारों को लाभ नहीं मिल पा रहा है। गुरुवार को गांव की महिलाओं ने जिलाधिकारी चमोली को एक ज्ञापन सौंपकर पेयजल किल्लत को दूर करने की मांग की है।
कौडिया गांव की निवासी पवित्रा देवी, कल्पेश्वरी देवी, राधा देवी, गंगोत्री देवी का कहना है कि बदरीनाथ हाइवे पर कौडिया गांव में अनुसूचित जाति के परिवार निवास करते है जिनकी जनसंख्या 70 से अधिक है। वे लोग कास्तकारी के साथ ही पशुपालन का काम भी करते है लेकिन यहां पर पानी की भारी किल्लत होने के कारण भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। गांव से दो से तीन किलोमीटर की दूरी पर प्राकृतिक जन स्त्रोत है वहीं से पानी आपूर्ति करनी पड़ती है।
नगर पंचायत क्षेत्र होने के बावजूद भी उन्हें पानी की सुविधा से वंचित रहना पड़ रहा है कई बार नगर पंचायत को पत्र दिया जा चुका है लेकिन पानी की समस्या जस की तस बनी हुई है। उनका यह भी कहना है कि सरकार की ओर से हर घर नल हर घर जल योजना चलायी जा रही है लेकिन इसका भी उन्हें लाभ नहीं मिला है। उन्होंने जिलाधिकारी से मांग की है कि उनकी पानी की समस्या को दूर किया जाए।

### केदारनाथ यात्रा पर गए पंजाब के डॉक्टर घायल, हेली सेवा से ऋषिकेश एम्स लाया गया

**ऋषिकेश/एक्शन इंडिया**
पंजाब से परिवार के साथ केदारनाथ की यात्रा पर गए एक डॉक्टर के सोनप्रयाग के निकट सीतापुर में अपना पंजीकरण चेक करवाते हुए पहाड़ी से गिरे पत्थर से घायल होने के बाद हेली सेवा के माध्यम से ऋषिकेश एम्स में उपचार के लिए लाया गया है।
पंजाब के अमृतसर निवासी डॉक्टर मानस मदान अपनी पत्नी और परिवार के साथ 9 मई को केदारनाथ की यात्रा पर गए थे, जो बुधवार की रात फाटा में ठहरे थे। इसके बाद वह गुरुवार की सुबह केदारनाथ जाने के लिए सोनप्रयाग के निकट सीतापुर में पुलिस चेक पोस्ट पर अपना पंजीकरण चेक करवा रहे थे कि इसी दौरान पहाड़ी से एक पत्थर गिर कर उनके सिर पर जा लगा, जिसमें वह बुरी तरह घायल हो गए। उन्हें हेली सेवा के माध्यम से ऋषिकेश एम्स से लाया गया है, जहां उनका उपचार चल रहा है।

### हल्द्वानी में फ्लाइओवर निर्माण का व्यापारियों ने किया विरोध

**हल्द्वानी/एक्शन इंडिया**
प्रांतीय उद्योग व्यापार प्रतिनिधिमंडल से जुड़े व्यापारियों ने हल्द्वानी में फ्लाइओवर निर्माण का विरोध किया है। इस संबंध में व्यापार मंडल जिलाध्यक्ष विपिन गुप्ता के नेतृत्व में तमाम व्यापारियों ने मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपा।

## कृषि मंत्री ने श्री अन्न महोत्सव के प्रचार-प्रसार और जागरूकता रैली को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना



**देहरादून/एक्शन इंडिया**
कृषि मंत्री ने गुरुवार को आगामी 13 से 16 मई तक देहरादून में होने वाले श्री अन्न महोत्सव के प्रचार-प्रसार और जागरूकता के लिए स्कूली छात्र-छात्राओं की रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। कार्यक्रम में देहरादून के करीब 21 विद्यालयों के 2000 से अधिक छात्र-छात्राओं ने रैली में प्रतिभाग किया।
यह जागरूकता रैली पवेलियन ग्राउंड से प्रारंभ होकर घंटाघर होते हुए वापस पवेलियन ग्राउंड आयी। इस दौरान कृषि मंत्री गणेश जोशी ने छात्र-छात्राओं को मिलेट्स के लाभ के बारे में भी जानकारी दी।कृषि मंत्री जोशी ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उनके अथक प्रयासों से संयुक्त राष्ट्र ने वर्ष 2023 को अंतरराष्ट्रीय मिलेट वर्ष घोषित किया है। जब प्रधानमंत्री मोदी ने यह प्रस्ताव रखा तो 72 देशों ने इसका समर्थन किया। उत्तराखंड में मिलेट वर्ष के तहत राज्य सरकार मिलेट को प्रोत्साहन और बढ़ावा देने के लिए अनेक कदम उठा रही है।
कृषि मंत्री ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि प्रदेश में मिलेट के उत्पादन और उसके विपणन के लिए इस वित्तीय वर्ष में मिलेट्स के लिए 73 करोड की व्यवस्था की गई है।उन्होंने कहा उत्तराखंड में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में मिलेट के प्रोत्साहन और उसके उत्पादन को लेकर प्रदेश सरकार की ओर निरंतर कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि मिलेट स्वास्थ्य के दृष्टि से बेहद लाभदायक है। सरकार का मुख्य उद्देश्य यही है कि मिलेट्स का किसान अधिक से अधिक उत्पादन करें, जिससे निश्चित ही किसानों की आय दोगुनी करने में यह मददगार साबित हो। उन्होंने कहा कि मिलेट के प्रचार प्रसार के लिए मिलेट्स भोज के कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहे हैं।स्कूली बच्चों की जागरूकता रैली में मिलेट के गुणों के प्रचार प्रसार और उनके फायदों के बारे में लोगों को जागरूक करने का कार्य करेगी।

## युवती को झोपड़ी में अकेली पाकर युवक ने किया दुष्कर्म, मुकदमा दर्ज

**हरिद्वार/एक्शन इंडिया**
गन्ना कोल्हू पर काम करने वाली एक युवती के साथ दुष्कर्म का मामला प्रकाश में आया है। युवती की शिकायत पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मामला जनपद की लक्सर कोतवाली क्षेत्र का है।
यूपी के जनपद मुजफ्फरनगर का एक परिवार लक्सर कोतवाली क्षेत्र में एक गन्ना कोल्हू पर काम करता है। बताया जा रहा है कि कुछ दिन पूर्व कोल्हू पर काम करने वाला पूरा परिवार कहीं गया हुआ था। युवती अकेली थी। युवती को अकेली पाकर तुफैल नाम का युवक उसकी झोपड़ी में घुस आया तथा युवती को डरा धमका कर उसके साथ दुष्कर्म किया।

# स्मैक के साथ एक आरोपित गिरफ्तार

**पुलिस ने आरोपित के पास से करीब एक लाख से अधिक की स्मैक बरामद की है**

**हरिद्वार/एक्शन इंडिया**
रानीपुर पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर एक स्मैक तस्कर को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपित के पास से करीब एक लाख से अधिक की स्मैक बरामद की है।
पुलिस ने आरोपित के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उसका चालान कर दिया है।
पुलिस को मुखबिर से एक तस्कर के स्मैक लाए जाने की सूचना मिली। इस पर पुलिस ने रेगुलेटर पुल सुमन नगर से एक व्यक्ति का



पकड़ा। तलाशी लेने पर उसके पास से 10.12 ग्राम स्मैक बरामद हुई। पुलिस पूछताछ में आरोपित ने अपना नाम 28 वर्षीय शमशाद ग्राम गढ़ मीरपुर कोतवाली रानीपुर हरिद्वार बताया। पकड़ी गई स्मैक की कीमत बाजार में एक लाख से अधिक बतायी गई है। पुलिस ने आरोपित के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उसका चालान कर दिया है।

# चारधाम यात्राः अबतक 6.31 लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने की यात्रा

**देहरादून/एक्शन इंडिया**
उत्तराखंड में चार धाम यात्रा में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं का आना पर्यटन विभाग और सरकार के लिए अच्छा संकेत माना जा रहा है। अब तक 06 लाख 31 हजार से ज्यादा यात्रियों ने दर्शन किए। इनमें केदारनाथ में अकेले 2 लाख 21 हजार से अधिक श्रद्धालुओं ने बाबा के दरबार में दर्शन किए हैं।
पर्यटन विभाग की ओर से दी गई जानकारी के अनुसार 22 अप्रैल से लेकर 10 मई रात्रि 08 बजे तक केदारनाथ, बद्रीनाथ, गंगोत्री और यमुनोत्री धाम में अब तक कुल 06 लाख 31 हजार 591 तीर्थयात्रियों ने धाम के दर्शन किए हैं। इसमें केदारनाथ धाम में 2



लाख 21 हजार 807 और, बदरीनाथ में 1 लाख 50 हजार 856, गंगोत्री में 1 लाख 36 हजार 961 लोगों और यमुनोत्री धाम में 01 लाख 21 हजार 968 श्रद्धालु मंदिर में दर्शन कर चुके हैं।
चारधाम के लिए अब तक 27 लाख 21 हजार 325 लोगों ने पंजीकरण कराए हैं। केदारनाथ सहित चारों धाम के लिए 11 मई से 16 मई के लिए कुल 3 लाख 91 हजार 1 लोगों ने पंजीकरण कराया है। मौसम को देखते हुए 15 मई तक केदारनाथ धाम की यात्रा के लिए पंजीकरण पर रोक है।
मोबाइल एप से 04 लाख 73 हजार 543, वेव पोर्टल से 20 लाख 77 हजार 923 और वाट्सअप से 01 लाख 69 हजार 869 लोगों ने पंजीकरण कराया है।

# गंगोत्री से रामेश्वरम तक 36 सौ किलोमीटर की दंडवत यात्रा पर निकले संत नवलगिरी -देश की खुशहाली और गंगा को स्वच्छ रखने के संदेश रखना यात्रा ही यात्रा का उद्देश्य

**गंगोत्री हाइवे पर आस्था के कई रंग और रूप देखने को मिलते हैं। ऐसा ही एक आस्था का रंग इन दिनों देखने को मिल रहा है।**

**उत्तरकाशी/एक्शन इंडिया**
उत्तराखंड के चारधाम आदि काल से ही ऋषि-मुनियों की तपोभूमि रही है। ये ही वे रही कि आज भी यहां देश विदेशों के साधु संत साधना ,योग ,साधना एवं कठोर तपस्या करने आते हैं। इन दिनों गंगोत्री हाइवे पर आस्था के कई रंग और रूप देखने को मिलते हैं। ऐसा ही



एक आस्था का रंग इन दिनों देखने को मिल रहा है।
राजस्थान के एक संत नवलगिरी महाराज विषम परिस्थितियों में गंगोत्री धाम से रामेश्वरम के लिए कठिन कनक दंडवत यात्रा पर निकले हैं। उनकी इस आस्था को देख लोग अचंभित और हैरान हो रहे हैं। उन्होंने इस यात्रा का मुख्य उद्देश्य देश की शांति और खुशहाली की कामना बताया है।यह बाबा देश में खुशहाली, शांति और गंगा को स्वच्छ निर्मल रखने के संदेश के साथ इस कठिन यात्रा पर निकले हैं। यहां कड़ाके की ठंड और बारिश के बीच बाबा की अटूट आस्था देखते ही बन रही है। उनकी यह कनक दंडवत यात्रा बीती 14 अप्रैल को गंगोत्री धाम से शुरू हुई, जो करीब एक साल बाद तमिलनाडु के रामेश्वरम में जाकर खत्म होगी।गौरतलब है कि राजस्थान के करौली से एक 34 वर्षीय संत नवलगिरी महाराज 3600 किलोमीटर की कठिन कनक दंडवत यात्रा पर निकले हैं।
बाबा नवलगिरी महाराज की इस यात्रा में उनका साथ उनके बुजुर्ग शिष्य दे रहे हैं।
बीते 20 दिनों में उनकी यह यात्रा 70 किलोमीटर का सफर तय कर चुकी है।

# दिल्ली विस अध्यक्ष के हरिद्वार पहुंचने पर स्वागत

**हरिद्वार/एक्शन इंडिया**
आम आदमी पार्टी के दिल्ली विधानसभा अध्यक्ष श्री निवास गोयल के हरिद्वार आगमन पर आप के पदाधिकारियों ने डाम कोठी पहुंचने पर फूल मालाओं से स्वागत किया।
दिल्ली विधानसभा अध्यक्ष राम निवास गोयल श्री गंगा इंटरनेशनल ट्रस्ट के भूमि पूजन और शिलान्यास कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि हरिद्वार पहुंचे थे।
इस अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष द्वारा पार्टी संगठन और आगामी चुनाव को लेकर चर्चा की। स्वागत कार्यक्रम में प्रदेश उपाध्यक्ष नरेश शर्मा, प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष महिला मोर्चा हेमा भंडारी, विधानसभा अध्यक्ष



अनिल सती, विधानसभा उपाध्यक्ष धीरज पीटर, आम सभा उपाध्यक्ष मयंक गुप्ता, विधानसभा संगठन महामंत्री खालिद हसन, जिला सचिव अजय मुखिया, युवा मोर्चा उपाध्यक्ष पवन बर्मन, राकेश कुमार, गीता देवी सहित कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# आईसीसी के 2023-2027 चक्र में बीसीसीआई को मिल सकते हैं एक अरब डॉलर से अधिक

**नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट बोर्ड को 2023 से 2027 के बीच पांच साल के चक्र में आईसीसी के सालाना राजस्व से एक अरब डॉलर से अधिक मिल सकते हैं । अभी यह आधिकारिक नहीं है लेकिन आईसीसी के एक प्रभावशाली सदस्य ने बताया कि आईसीसी के 60 करोड़ डॉलर के सालाना राजस्व में से बीसीसीआई को सर्वाधिक 38 . 50 प्रतिशत मिल सकता है ।

बोर्ड के एक सीनियर सूत्र ने बताया ,'' यह प्रस्तावित मॉडल है और क्रिकेट रैंकिंग , आईसीसी टूर्नामेंटों में प्रदर्शन और खेल में व्यावसायिक योगदान पर आधारित है । भारत खेल के व्यावसायिक पहलू में महत्वपूर्ण योगदान देता है ।''

भारत का दबदबा इतना है कि ईएसपीएन क्रिकइन्फो में छपी एक सूची के अनुसार इंग्लैंड और वेल्स क्रिकेट बोर्ड दूसरे स्थान पर है जिसे आईसीसी के सालाना राजस्व का 6 . 89 प्रतिशत ( 41 . 33 मिलियन डॉलर) और तीसरे स्थान पर आस्ट्रेलिया को 6 . 25 प्रतिशत ( 37 . 53 मिलियन डॉलर) मिलेगा । पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड चौथे स्थान पर है जिसे 5 . 75 प्रतिशत ( 34 . 51 मिलियन डॉलर) मिलेगा ।

पिछले एफटीपी चक्र ( 2018 से 2022 ) में आईसीसी का सालाना राजस्व इससे आधा करीब 307 मिलियन डॉलर और पांच साल के लिये करीब 1536 मिलियन डॉलर था । उस समय बीसीसीआई को पांच साल के लिये 405 मिलियन डॉलर मिले थे जो आईसीसी के कुल राजस्व का करीब 26 प्रतिशत था । उस समय ईसीबी को 7 . 8 प्रतिशत और जिम्बाब्वे को छोड़कर बाकी बोर्ड को 7 . 2 प्रतिशत मिले थे । बीसीसीआई सचिव इस समय आईसीसी के वित्तीय फैसले लेने वाली वित्त और व्यावसायिक मामलों की समिति के प्रमुख है ।

## दिल्ली कैपिटल्स का शर्मनाक प्रदर्शन, कप्तान David Warner फेल ! इन क्रिकेटरों ने भी किया निराश

**नई दिल्ली।** चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ हार के साथ ही दिल्ली कैपिटल्स के लिए प्लेऑफ के दरवाजे लगभग बंद हो गए हैं। इस सीजन में दिल्ली नियमित कप्तान पंत के बगैर गलतियों का टोकरा लेकर मैदान पर उतरी थी। भले ही दिल्ली के पास 2 बार का आई.पी.एल. चैम्पियन डेविड वॉर्नर था लेकिन बढ़ती उम्र के साथ विरोधियों के तेज होते हमलों के आगे उनकी नजर भी धुंधली होती दिखी। पिछले 2 सीजन में जहां दिल्ली की बल्लेबाजी अटैकिंग दिख रही थी तो वहीं, 2023 में वॉर्नर के हाथ कप्तानी आते ही इसे दीमक लग गई। वॉर्नर भले ही सीजन में 4 अर्धशतक लगा चुके हैं लेकिन उनकी स्ट्राइक रेट सिर्फ 119 जा रही है। हैदराबाद, गुजरात, चेन्नई के खिलाफ अहम मुकाबलों में उनके बल्ले से 0, 2, 0 रन ही निकले जिसे कोई भी कप्तानी पारी नहीं कहेगा। यह कहना अतिकथनी नहीं होगा कि वॉर्नर को उनकी कप्तानी के लिए अगर '0' नंबर दिया जाए तो कुछ गलत नहीं होगा।

ऊपर से चेपॉक का किला भेदना भी दिल्ली के मुश्किल होता जा रहा है। दिल्ली यहां खेले लगातार 6 मुकाबले चेन्नई से हारा है। अब उम्मीद होगी कि अगले बरस पंत वापस आए और कप्तानी संभालते हुए दिल्ली को पटरी पर लाएं। क्योंकि वॉर्नर के पास यह आखिरी मौका था जिसमें वह बुरी तरह से विफल हो गए हैं।

## भारत की अंडर-17 टीम ट्रेनिंग मुकाबले में गेटाफे अंडर-18 से हारी

**नई दिल्ली।** भारत की अंडर-17 पुरुष फुटबॉल टीम को स्पेन में सेगोविया के ओटेरो डि हेरेरोस में अपने पांचवें ट्रेनिंग मुकाबले में यहां गेटाफे की अंडर-18 टीम के खिलाफ 1-3 से हार का सामना करना पड़ा। मैच के सभी गोल पहले हाफ में हुए। कोरोउ सिंह ने 12वें मिनट में ही भारतीय टीम को बढ़त दिला दी लेकिन एंजेल



ब्लांको ने 24वें मिनट में स्कोर 1-1 कर दिया। लुई काबेस्की ने स्पेन की स्थानीय टीम को 26वें मिनट में बढ़त दिलाई जबकि परमवीर सिंह ने आत्मघाती गोल करके मध्यांतर से छह मिनट पहले गेटाफे को 3-1 से आगे कर दिया जो निर्णायक स्कोर साबित हुआ। भारतीय गोलकीपर ने साहिल ने इस मुकाबले में अपने प्रदर्शन से प्रभावित किया लेकिन टीम को हार से नहीं बचा पाए।

# मुक्केबाजी विश्व चैंपियनशिप : दीपक, हुसामुद्दीन, निशांत सेमीफाइनल में, भारत के तीन पदक पक्के

**ताशकंद।** मुक्केबाज दीपक भोरिया (51 किग्रा), मोहम्मद हुसामुद्दीन (57 किग्रा) और निशांत देव (71 किग्रा) ने यहां पुरुष विश्व चैंपियनशिप के सेमीफाइनल में पहुंचकर भारत के लिए तीन पदक पक्के कर दिये।

क्वार्टर फाइनल जीत का मतलब है कि तीनों मुक्केबाजों का कम से कम कांस्य पदक पक्का हो गया है। भारत का पिछला सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 2019 संस्करण में आया था जब अमित पंघाल ने अभूतपूर्व रजत और मनीष कौशिक ने कांस्य पदक जीता था।भारत के लिए अभियान की शुरुआत करते हुए, दीपक ने किर्गिस्तान के नूरझिगिट दुशेबाएव को 5-0 के सर्वसम्मत फैसले से हराकर फ्लाईवेट वर्ग में अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखा। अब सेमीफाइनल में उनका सामना फ्रांस के बी बेनामा से होगा।दो बार के राष्ट्रमंडल खेलों के कांस्य पदक विजेता हुसामुद्दीन ने बुल्गारिया के जे डियाज इबनेज



के खिलाफ करीबी मुकाबले में 4-3 के विभाजित निर्णय से जीत हासिल की।

सेमीफाइनल में हुसामुद्दीन का सामना क्यूबा के सैदेल होर्ता से होगा। वहीं, निशांत ने सर्वसम्मत फैसले से क्यूबा के जॉर्ज कुएलर को नॉकआउट कर दिया। 22 वर्षीय, जो मौजूदा राष्ट्रीय चैंपियन हैं, पूरे नौ मिनट तक क्यूबा के मुक्केबाज पर हमला करते रहे। पिछले संस्करण में क्वार्टरफाइनल से बाहर होने वाले निशांत ने फिर से अंतिम आठ से बाहर नहीं होने का निश्चय किया था। वह अपने प्रतिद्वंद्वी से तेज थे और उन्होंने कुएलर के चेहरे पर मुक्कों की झड़ी लगा दी। उन्होंने अपने प्रतिद्वंद्वी को थका देने और लाइट मिडिलवेट वर्ग के अंतिम चार में जगह बनाने के लिए बॉडी ब्लो का भी इस्तेमाल किया।

# निशानेबाजी विश्व कप: रिदम सांगवान ने बाकू में 10 मीटर एयर पिस्टल में जीता कांस्य पदक

**नई दिल्ली।** भारतीय निशानेबाज रिदम सांगवान ने अज़रबैजान के बाकू में अंतरराष्ट्रीय शूटिंग स्पोर्ट फेडरेशन (आईएसएसएफ) विश्व कप राइफल/पिस्टल में महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा में कांस्य पदक जीता। स्वर्ण पदक ग्रीस की अन्ना कोराकाकी और रजत पदक विजेता यूक्रेन की ओलेना कोस्तेविच ने जीता।

हालांकि भारत के सरबजोत सिंह (पुरुषों की 10 मीटर एयर पिस्टल) और एशा सिंह फाइनल में क्वालीफाई करने के बावजूद पदक से चूक गए। रिदम ने 60-शॉट योग्यता चरण में 581 और एशा ने 579 का स्कोर किया था और तीसरे और सातवें स्थान पर रहते हुए आठ निशानेबाजों के 24-शॉट फाइनल के लिए क्वालीफाई किया। टोक्यो मिक्स्ड टीम विजेता चीन की जियांग रानक्सिन 588 के स्कोर के साथ शीर्ष पर रहीं, जबकि कोरिया की



किम बोमी दूसरे स्थान पर रहीं। फाइनल में कोराकाकी ने 241.3 के स्कोर के साथ स्वर्ण और कोस्टेविच ने 240.6 के स्कोर के साथ रजत पदक जीता। रिदम 219.1 के स्कोर के साथ तीसरे नंबर पर रहीं।पुरुषों की 10 मीटर एयर पिस्टल में, भोपाल विश्व कप में स्वर्ण पदक जीतने वाले सरबजोत सिंह ने 589 का उच्चतम योग्यता स्कोर बनाया, लेकिन फाइनल में चौथे स्थान पर रहकर लगातार आईएसएसएफ विश्व कप पदक से चूक गए। शिवा नरवाल ने इससे पहले योग्यता में 579 अंक हासिल कर 14वां स्थान हासिल किया था जबकि वरुण तोमर 574 के साथ 44वें स्थान पर रहे थे।

# एशियन कबड्डी चैंपियनशिप 2023 का आयोजन 27 जून से, बुसान करेगा मेजबानी

**नई दिल्ली।** एशियाई कबड्डी चैंपियनशिप 2023 का आयोजन 27 से 30 जून तक बुसान, दक्षिण कोरिया में किया जाएगा।

महाद्वीपीय कबड्डी प्रतियोगिता छह साल के अंतराल के बाद खेली जाएगी। पिछला संस्करण 2017 में गोरगन, ईरान में आयोजित किया गया था। 1980 में उद्घाटन टूर्नामेंट के बाद से, चैंपियनशिप ने विभिन्न एशियाई देशों की टीमों को एक साथ लाया है, जिसमें भारत, पाकिस्तान, ईरान और बांग्लादेश शामिल हैं।

एशियाई कबड्डी चैंपियनशिप के इतिहास में भारतीय पुरुष कबड्डी टीम सबसे सफल पक्ष है, जिसने आठ संस्करणों में सात स्वर्ण पदक जीते हैं। ईरान ने मलेशिया के कांगर में 2003 संस्करण का खिताब जीता था।



भारत 2017 में फाइनल में पाकिस्तान को 36-22 से हराकर डिफेंडिंग चैंपियन है।

महिला वर्ग में भी, भारत डिफेंडिंग चैंपियन है क्योंकि उसने 2017 में फाइनल में दक्षिण कोरिया को 42-20 से हराया था।भारतीय महिला कबड्डी टीम प्रतियोगिता में सबसे सफल पक्ष भी है जिसने चार स्वर्ण पदक जीते हैं जबकि दक्षिण कोरिया ने अब तक पांच संस्करणों में एक बार खिताब जीता है।

एशियाई कबड्डी मीट और एशियाई खेलों के लिए 40 संभावित पुरुष खिलाड़ियों के लिए कोचिंग कैंप 4 मई को पटना, बिहार में पाटलिपुत्र स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में शुरू हुआ। कैंप का समापन 18 मई को होगा।

एशियाई शिविर तीन कोचों - आशान कुमार, ई भास्करन और संजीव बालियान के निर्देशन में आयोजित किया जा रहा है। प्रो कबड्डी लीग (पीकेएल) के लोकप्रिय कोच ई भास्करन पहले भी राष्ट्रीय कोच रह चुके हैं। एशियन कबड्डी चैंपियनशिप के लिए भारतीय पुरुष कबड्डी टीम का चयन करने के लिए ट्रायल 17 मई को पटना, बिहार के पाटलिपुत्र स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में होगा।

**भारतीय टीम:** राकेश, विजय, दुर्गेश कुमार, मोहित, नितेश कुमार, शुभम कुमार, सुरेंद्र गिल, जयदीप, मीतु, मोहित, मोहित गोयत, प्रदीप, सौरभ, सुरेंद्र नाडा, विशाल भारद्वाज, सागर बी कृष्ण, अक्ष संतोष शिंदे, असलम इनामदार , शंकर भीमराज गड़ी, गिरीश एर्नाक, पंकज मोहिते, शुभम, सिद्धार्थ देसाई, मनिंदर सिंह, नितिन रावल, परवेश, पवन कुमार, रविंदर पहल, सुनील कुमार, विकाश, दीपक हुड्डा, सचिन, अर्जुन देसवाल, महेंद्र सिंह, मनजीत, नवीन कुमार , सुरजीत, अभिषेक मनोकरण, अबिनेश नादराजन, अभिषेक, रोहित तोमर।

# मैं गेंदबाजों को कहता हूं हर गेंद पर विकेट न तलाशें : धोनी

**नई दिल्ली।** चेन्नई सुपर किंग्स ने आखिरकार चेपॉक के मैदान पर दिल्ली कैपिटल्स पर 27 रन से जीत हासिल कर ली। बल्लेबाजी करते हुए चेन्नई के कप्तान महेंद्र सिंह धोनी ने भी 9 गेंदों पर 20 रन का योगदान दिया था। यही स्कोर अंत में बड़ा फर्क पैदा कर गया।

मैच जीतने के बाद धोनी ने कहा कि पिच की बात की जाए तो यह दूसरे हाफ में काफी बदल गई थी। हम जानते थे कि हमारे स्पिनर अन्य गेंदबाजों की तुलना में काफी अधिक सीम का इस्तेमाल करते हैं। हमने सोचा था कि पिच धीमी हो जाएगी। यह हुई और इसका हमें फायदा हुआ। धोनी बोले- हमें नहीं पता कि इस पिच पर अच्छा स्कोर क्या होता है।



इसलिए मैं चाहता था कि गेंदबाज अपनी सर्वश्रेष्ठ गेंदें फेंके और हर गेंद पर विकेट की तलाश न करें। इस पिच पर 166-170 का सकोर अच्छा रहता है। लेकिन हमें अभी बल्लेबाजी इकाई के तौर पर सुधार करने की जरूरत है। अच्छी बात यह है कि मोईन और जड्डू को बल्लेबाजी का मौका मिला। जैसे-जैसे हम टूर्नामेंट के अंतिम चरण के करीब आ रहे हैं, यह महत्वपूर्ण है कि हर किसी के पास मौका हो। हमें अपनी बल्लेबाजी से खुश रहने की जरूरत है। मिच (सैंटनर) अच्छी गेंदबाजी कर रहा है।

वह (गायकवाड़) भी वास्तव में अच्छी बल्लेबाजी कर रहा है, वह स्कोर बनाने में काफी सहज है। ऐसे लोग कम ही मिलते हैं जो अनुकूलन के लिए तैयार रहते हैं। जो लोग खेल को समझते हैं, इस जैसे खिलाड़ियों के अपने साथ रखते हैं। मेरा काम यही है, मैंने उनसे कहा है कि मुझे यही करना है, मुझे बहुत दौड़ाओ मत और यह काम कर रहा है।

## केकेआर अकादमी में ट्रेनिंग का फायदा मिल रहा है : रिंकू

**कोलकाता।** कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के प्रतिभावान बल्लेबाज रिंकू सिंह ने अपनी अच्छी फॉर्म का श्रेय मुंबई में फ्रेंचाइजी की अकादमी में कड़ी मेहनत को दिया। रिंकू गुजरात टाइटंस के खिलाफ और फिर पिछले मैच में पंजाब किंग्स के खिलाफ शानदार प्रदर्शन के साथ केकेआर के सबसे बड़े फिनिशर के रूप में उभरे हैं।



रिंकू ने कहा, ''अकादमी में मेरी कड़ी मेहनत रंग ला रही है। हमारे पास ऑफ सत्र शिविर था और मैंने बहुत मेहनत की है और बहुत सुधार किया है।'' गुजरात टाइटंस के खिलाफ आखिरी ओवर में पांच छक्के लगाकर सुर्खियों में आए रिंकू ने कहा, ''मैं सिर्फ सामान्य शॉट खेलता हूं और केकेआर अकादमी में अपने बल्लेबाजी क्रम के अनुसार डेथ ओवरों के लिए कठिन अभ्यास करता हूं।'' उत्तर प्रदेश के इस 25 वर्षीय बल्लेबाज ने कहा, ''मैं बस इसे सरल रखने और सामान्य शॉट खेलने की कोशिश करता हूं। मुझे लगता है कि अगर मैं कुछ अतिरिक्त करने की कोशिश करता हूं तो यह मेरी बल्लेबाजी को प्रभावित करेगा। यह सिर्फ गेंद की योग्यता के अनुसार खेलने के बारे में है।''

# यूपी में इण्डिया खेलेगा और पूरा विश्व देखेगा: नवनीत सहगल

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की मेजबानी में 25 मई से 03 जून तक चलने वाले खेलो इण्डिया यूनिवर्सिटी गेम्स की तैयारियां अपने अंतिम चरण में है। आगामी 25 मई को लखनऊ के बाबू बनारसी दास (बीबीडी) यूनिवर्सिटी में गेम्स की भव्य ओपनिंग सेरेमनी होगी। अपर मुख्य सचिव, खेल एवं युवा कल्याण, डॉ नवनीत सहगल ने आज ( ) ओपनिंग सेरेमनी स्थल का निरीक्षण किया और समस्त तैयारियों को 15 मई तक पूर्ण करने के निर्देश दिए। डॉ सहगल कल क्लोजिंग सेरेमनी स्थल वाराणसी में चल रही तैयारियों का जायजा लेने जायेंगे।

अपर मुख्य सचिव ने कहा कि उत्तर प्रदेश में आयोजित होने वाला खेलो इण्डिया यूनिवर्सिटी गेम्स अब तक के खेलो इण्डिया गेम्स संस्करण का सबसे भव्य आयोजन होगा। यूपी में इण्डिया खेलेगा और पूरा विश्व देखेगा। उन्होंने कहा कि शुभारंभ समारोह के दौरान कल्चरल इवेंट भी होंगे। पूरा बीबीडी खेलो इण्डिया यूनिवर्सिटी के रंग में नजर आयेगा। हर तरफ गेम्स की ब्रांडिंग होगी। बीबीडी में 800 महिला एवं 400 पुरुष कुल 1200 खिलाड़ियों के लिए हॉस्टल तैयार कराया गया है। खिलाड़ियों की सुविधा के लिए बीबीडी में एक




कंट्रोल रूम बनाया जायेगा और इसका नम्बर हास्टल के सभी कमरों में चस्पा होगा, ताकि खिलाड़ी किसी भी समय इस पर फोन कर जानकारी ले सकें। पूरे परिसर में जगह-जगह पीने के पानी व्यवस्था रहेगी। आगंतुकों के लिए पार्किंग की अच्छी व्यवस्था होगी। इसके लिए जगह-जगह साइनेज भी लगाये जायेंगे। खिलाड़ियों की सुरक्षा का पुख्ता प्रबंध होगा।

लखनऊ में बीबीडी यूनिवर्सिटी के मेन ग्राउंड में मलखम्ब तथा जूडो की प्रतियोगिताएं आयोजित होंगी। इसके साथ ही बीबीडी यूनिवर्सिटी क्रिकेट ग्राउंड में आर्चरी प्रतियोगिता होगी। बीबीडी बैडमिंटन एकेडमी में बैडमिंटन एवं टेबल टेनिस होगा। इकाना स्पोर्ट्स सिटी (इंडोर हाल) में वालीबाल तथा फेंसिंग प्रतियोगिता होगी। इकाना स्पोर्ट्स सिटी (फुटबाल ग्राउण्ड) में फुटबाल (गर्ल्स) तथा टेनिस का आयोजन होगा। गुरू गोबिंद सिंह स्पोर्ट्स कालेज में रग्बी, एथलेटिक्स, फुटबाल तथा हॉकी का आयोजन होगा।

**मशाल रैली और जीतू, शुभंकर साबित होती हुई बड़ी हिट**

पूरे मई में उत्तर प्रदेश खेल विभाग मशाल रैली का आयोजन कर रहा है, जिसे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 5 मई को झंडी दिखाकर रवाना किया था। शुभंकर जीतू के साथ मशाल पहले ही रामपुर, आगरा, मथुरा, हरदोई, मैनपुरी और फिरोजाबाद की यात्रा कर चुकी है। आने वाले दिनों में यह गाजीपुर, जौनपुर, प्रयाग सहित अन्य शहरों में जाएगी।

आज यह मशाल वाराणसी शहर पहुंची। जीतू बच्चों और युवाओं के बीच एक बड़ी हिट साबित हो रहा है क्योंकि वह उन्हें और अधिक खेल खेलने के लिए प्रोत्साहित करता है।

# चेन्नई ने दिल्ली को दी 27 रनों से मात, प्लेऑफ की तरफ बढ़ाया कदम

**चेन्नई।** आईपीएल 2023 के 55वें मुकाबले में चेन्नई सुपरकिंग्स ने अपनी दमदार गेंदबाजी की बदौलत को दिल्ली कैपिटल्स को 27 रन से हरा दिया है। दिल्ली को जीत के लिए 168 रनों की दरकार थी लेकिन निर्धारित 20 ओवरों में वो सिर्फ 140 रन ही बना सकी। इस जीत के साथ ही चेन्नई ने प्लेऑफ की ओर कदम बढ़ा दिया है। फिलहाल 12 मैच में 7 जीत और एक बेनतीजा की वजह से चेन्नई के पास 15 अंक हैं। 168 रन का पीछा करने उतरी दिल्ली की शुरुआत एक बार फिर खराब रही। कप्तान डेविड वार्नर पहले ओवर की दूसरी ही गेंद पर बिना खाता खोले आउट हो गए। पारी के तीसरे ओवर में फिल सॉल्ट 17 रन बनाकर पवेलियन लौट गए। तीन गेंद बाद मिशेल मार्श 5 रन के निजी योग पर रन आउट हो



गए। हालांकि चौथे विकेट के लिए मनीष पांडे और राइली रूसो के बीच 59 रन की साझेदारी हुई। इस जोड़ी के टूटते ही पूरी टीम बिखर गई। मनीष पांडे 27 रन और रूसो 35 रन बनाकर आउट हुए। इनके बाद अक्षर पटेल 21, रिपल पटेल 10 और ललित यादव 12 रन ही बना सके। चेन्नई के लिए पथिराना सबसे सफल गेंदबाज रहे, उन्होंने तीन विकेट झटके। जबकि दीपक चहर को दो और रविंद्र जडेजा को एक विकेट मिला। इससे पहले, टॉस जीतकर बल्लेबाजी करते हुए चेन्नई सुपरकिंग्स ने 20 ओवर में आठ विकेट पर 167 रन बनाए। चेन्नई के लिए इस मैच में कोई भी बल्लेबाज 30 रन के आंकड़े को नहीं छू सका। शिवम दुबे ने सबसे अधिक 25 रन बनाए। जबकि ऋतुराज गायकवाड़ ने 24, अंबाती रायुडू 23, रवींद्र जडेजा और अजिंक्य रहाणे ने 21-21 रन बनाए। आखिर के ओवरों में कप्तान महेंद्र सिंह धोनी ने भी तेजी दिखाई और मात्र नौ गेंद में 20 रन ठोक डाले। दिल्ली कैपिटल्स के लिए मिशेल मार्श ने तीन और अक्षर पटेल ने दो विकेट लिए जबकि खलील अहमद, ललित यादव और कुलदीप यादव को एक-एक सफलता मिली।

## उमरान मलिक की शास्त्री ने लगाई क्लास, कहा- 150 स्पीड की गेंद 250 की स्पीड में गायब हो जाती है

**चेन्नई।** भारत के पूर्व मुख्य कोच रवि शास्त्री ने तेज गेंदबाज उमरान मलिक की क्लास लगाई है। उन्होंने कहा कि उमरान मलिक को इस मानसिकता से बाहर आना चाहिए कि गेंदबाजी में गति ही सबकुछ है। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2023 में मलिक का प्रदर्शन काफी खराब रहा है, वह ऐसा प्रभाव नहीं डाल पाए जिसकी उनसे उम्मीद की जा रही थी। मलिक ने सात मैचों में 10.35 की इकॉनमी रेट से पांच विकेट लिए हैं। उन्हें हैदराबाद में मुंबई इंडियंस (एमआई) के खिलाफ मैच से बाहर दिया गया था, लेकिन अगले मैच में उन्होंने वापसी की। हालांकि, लगातार तीन मैचों में उतरने के बाद उमरान को फिर से दरकिनार कर दिया गया।

शास्त्री ने कहा कि अगर गेंदबाज लाइन और लेंथ पर ध्यान नहीं देते हैं, तो लगभग 150 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से फेंकी गई गेंद 250 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से बाउंड्री तक जा सकती है। शास्त्री ने कहा, +खुद की गेंदबाजी को समझना, खेल पढ़ना, बल्लेबाज पढ़ना। क्या आवश्यक है? उसे यह सोचना कि वह जो सोच रहा है वह सही नहीं है। मैं यहां उमरान मलिक की बात कर रहा हूं। बस सोच रहा है..स्पीड, स्पीड और स्पीड। मुझे अंदर आना है और तेज रफ्तार से गेंद फेंकनी है। उन्हें यह भी बताया जाना चाहिए कि 150 (किमी प्रति घंटे) पर गेंद बल्ले से 250 (किमी प्रति घंटे) की रफ्तार से गायब भी हो सकती है। उन्होंने आगे कहा, 'उसे यह समझना होगा कि वह कैसे शुरुआत करता है। जाहिर है, वे उसे सभी वीडियो और फुटेज दिखाएंगे कि उसे कहां और क्यों नुकसान हुआ है और आपको उसे यह समझाना होगा कि वह अलग तरीके से क्या कर सकता था। पिछले साल, मलिक ने कुछ शानदार गेंदबाजी की और गुजरात टाइटन्स के खिलाफ पांच विकेट भी लिए। इसके बाद, उन्होंने आयरलैंड के दौरे पर भारत के लिए अपना टी20आई डेब्यू किया, जिसके बाद उन्होंने न्यूजीलैंड दौरे पर एकदिवसीय क्रिकेट में कदम रखा।

